मंगलवार
24 मई 2022



पृष्ठ 4
**गर्मियों में बचना है लू से तो अपनाएं ये घरेलू उपाय**



पृष्ठ 5
**एस्केप लाइव में कटेंट मॉडरेटर की भूमिका निभाएंगे अभिनेता सिद्धार्थ**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 112
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

अधिकार जताने से अधिकार सिद्ध नहीं होता।
– रवीन्द्रनाथ ठाकुर

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## पहाड़ से मैदान तक आफत की बारिश
# केदार धाम यात्रा पर अस्थाई रोक

विशेष संवाददाता

देहरादून। खराब मौसम के कारण आज दूसरे दिन भी केदारनाथ यात्रा को संचालित नहीं किया जा सका। आज सुबह से ही केदारघाटी में भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है। डीएम रुद्रप्रयाग खुद धाम में मौजूद हैं। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम के कारण यात्रा को अस्थाई रूप से रोका गया है। यात्री कृपया सुरक्षित स्थानों पर ही जहां है वहीं रुके रहे।

आज सुबह थोड़ी देर के लिए बारिश रूकी थी तथा यात्रियों को आगे रवाना किया गया, लेकिन फिर मौसम खराब होने के बाद यात्रा को रोक दिया गया। केदारनाथ मार्ग पर बीते कल से ही 10 हजार से अधिक यात्री सोनप्रयाग, फाटा और गौरीकुंड में फंसे हुए हैं। प्रशासन द्वारा अब लाउडस्पीकर से एनाऊसमेंट कराया जा रहा है कि यात्री जहां है वहीं रुके रहे यात्रा को खराब मौसम के कारण अस्थाई रूप से रोका गया है। जैसे ही मौसम साफ होगा यात्रियों को इसकी सूचना दी जाएगी। डीएम रुद्रप्रयाग मयूर दीक्षित इस समय खुद केदारधाम में मौजूद हैं तथा स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जिला प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड में रखा गया है जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। धाम में वर्षा और बर्फबारी लगातार जारी है और तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। गौरीकुंड और फाटा से हैली सेवा को बंद कर दिया गया है। वही गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की पहाड़ियों पर भी बर्फबारी की खबर है।



**❑यात्रियों से सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की अपील**
**❑केदारधाम में भारी बारिश और बर्फबारी जारी**
**❑हेली सेवा भी बंद, बद्रीनाथ में वर्षा और बर्फबारी**

### निर्माणाधीन पुल फिर बहा

पिथौरागढ़। राज्य के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में मुनस्यारी–नाचनी मार्ग पर डहरिया नाले पर बनाया जा रहा पुल और भारी निर्माण सामग्री एक बार फिर नाले के तेज बहाव में बह गई। क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण नाले में आए उफान में सब कुछ तिनके की तरह बह गया। यह पुल पहले भी तेज बहाव में बह गया था जिसका निर्माण कार्य इन दिनों चल रहा था। आज हुई तेज बारिश के बाद नाले के तेज बहाव में यह निर्माणाधीन पुल एक बार फिर बह गया है।

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की एचआरडीए कार्यालय में छापेमारी, कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित



हमारे संवाददाता

रुड़की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह द्वारा आज एचआरडीए कार्यालय में छापेमारी की गयी। छापेमारी की इस कार्यवाही के दौरान मौके पर हड़कंप मच गया और एई से लेकर कई कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जिनकी अनुपस्थिति लगाने के साथ रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजे जाने की बात भी जेएम द्वारा कही गयी। इस दौरान एई, जेई एवं अन्य कर्मियों को कार्यशैली में सुधार लाने की नसीहत जेएम ने दी और समय से कार्यालय पहुँचने के की हिदायत दी। साथ ही प्रत्येक एई और जेई को दिन में कम से कम 10 नोटिस काटने का टारगेट भी दिया गया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री धामी का कड़ा रूख भांपते हुए इन दिनों सरकारी कार्यालयों के औचक निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में आज ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की अंशुल सिंह एचआरडीए कार्यालय में सुबह दस बजे से पहले ही पहुँच गए। इस दौरान उन्होने कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही उपस्थिति रजिस्टर अपने कब्जे में ले लिया और 10 बजकर 20 मिनट तक कार्यालय आने वालों को उपस्थिति लगाने का मौका इस हिदायत के साथ दिया गया कि वह प्रतिदिन समय से कार्यालय में उपस्थित रहेगें। इस दौरान एई उमापति भट्ट समेत कई कर्मचारी

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## भगवंत मान ने भ्रष्टाचार के आरोप में स्वास्थ्य मंत्री को कैबिनेट से किया बर्खास्त

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज अपने स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को भ्रष्टाचार के आरोपों में कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया, क्योंकि उनके खिलाफ ठोस सबूत पाए गए थे। सिंगला कथित तौर पर अधिकारियों से टेंडर पर एक प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे थे। पार्टी ने कहा कि बड़ा फैसला आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार विरोधी मॉडल के अनुरूप लिया गया है।

आप सांसद राघव चड्ढा ने इस फैसले की सराहना करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो अपने ही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ईमानदारी और साहस के साथ है। उन्होंने ट्वीट किया, आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके पास भ्रष्टाचार के आधार पर अपने खिलाफ कार्रवाई करने के लिए ईमानदारी, साहस और ईमानदारी है। हमने इसे दिल्ली में देखा, अब हम इसे पंजाब में देख रहे हैं। भ्रष्टाचार के लिए जीरो टॉलरेंस। सीएम भगवंत मान का सराहनीय निर्णय। इस कड़े एक्शन के बाद भगवंत मान ने कहा, श्एक पर्सेंट भ्रष्टाचार भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता ने बहुत उम्मीदों से आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है, उस उम्मीद पर खरा उतरना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा, जबतक अरविंद केजरीवाल जैसे भारत मां के बेटे है और भगवंत मान जैसे सिपाही, भ्रष्टाचार के खि़लाफ़ महायुद्ध जारी रहेगा।

## भारत में एक दिन में आए कोरोना के 2 हजार से कम नए

नई दिल्ली । भारत में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में लगातार जारी गिरावट का दौर राहत देने वाला है। पिछले २४ घंटे में देश में कोरोना के २ हज़ार से भी कम नए केस दर्ज हुए। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या में सोमवार के मुकाबले मामूली बढ़ोतरी हुई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में १,६७५ और लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद महामारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर ४,३१,४०,०६८ पर पहुंच गई है। वहीं इस दौरान हुई ३१ और मरीजों की मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा भी बढ़कर ५,२४,४६० हो गया।

मंत्रालय के अनुसार, कोविड–१६ के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर



१४,८४१ हुई, जो एक दिन पहले १४,८३२ थी। एक्टिव केस की संख्या कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत रह गई है, जबकि कोविड–१६ से स्वस्थ होने वालों का नेशनल रेट ६८.७५ प्रतिशत है।मंत्रालय के मुताबिक, देश में डेली पाजिटिविटी रेट ०.४१ प्रतिशत और वीकली पाजिटिविटी रेट ०.४६ प्रतिशत है।

वहीं, कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर ४,२६,००,७३७ हो गई है, जबकि डेथ रेट १.२२ प्रतिशत दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, देशव्यापी कोविड–१६ रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक १६२.५२ करोड़ खुराक लगाई जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर २०२० को ६० लाख के पार चले गए थे। देश में १६ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

### चार धाम यात्रा पर मौसम की मार

मई माह में मौसम किस तरह के तेवर दिखा सकता है इसके बारे में किसी को कोई पूर्वानुमान नहीं था। 3 मई को जब चार धाम यात्रा शुरू हुई थी तब प्रदेश का मौसम एकदम खुशनुमा था लेकिन अभी यात्रा को शुरू हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि मौसम ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। मई माह में प्री मानसूनी बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से लेकर चार धाम क्षेत्रों में जिस तरह की बर्फबारी देखी जा रही है वैसा पहले कभी नहीं देखा गया है। चार धामों और हेमकुंड साहिब सहित तमाम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हो रही बारिश और बर्फबारी के बीच तूफानी हवाओं ने कहर बरपा रखा है। जिसके कारण चारधाम यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ पर तापमान इतना नीचे आ चुका है कि यात्रियों को अलावों का सहारा लेना पड़ रहा है। हार्ट अटैक के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। बारिश के कारण यात्रा मार्गों पर जगह-जगह भूस्खलन की घटनाओं के कारण यात्रियों के फंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं। कड़ाके की सर्दी और खराब रास्ते यात्रियों का कड़ा इम्तिहान ले रहे हैं। बीते 3 दिनों से खराब मौसम की मार झेल रहे यात्रियों को अब प्रशासन द्वारा मौसम साफ होने तक सुरक्षित पड़ावो पर ही रोके रहने की अपील की जा रही है। बीते कल केदारनाथ के लिए न हेली सेवा खराब मौसम के कारण संचालित की जा सकी और न पैदल यात्री आगे बढ़ सके। 10 हजार से अधिक यात्री अभी भी पड़ावों पर मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन मौसम विभाग द्वारा आज भी मौसम खराब रहने की भविष्यवाणी पहले ही की जा चुकी है। अब जो मौसम का नया अपडेट आया है उसमें अब पूरे मई माह इसी तरह का मौसम रहने का पूर्वानुमान है। जून के पहले सप्ताह से पूरे देश में मानसून सक्रिय हो जाएगा ऐसी स्थिति में अब यह उम्मीद किया जाना कि चारधाम यात्रा की समस्याएं जल्द समाप्त हो जाएगी, गलत ही होगा। खास बात यह है कि इस साल चार धाम यात्रा से जो अपेक्षाएं थी उसकी राह में अब मौसम ने अड़ंगा अटका दिया है। यात्रा को लेकर भले ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया हो और कोरोना के 2 साल बाद शुरू हुई यात्रा में भारी भीड़ उमड़ रही हो लेकिन यात्रियों को खराब मौसम के कारण समस्याएं भी अधिक झेलनी पड़ रही है। अभी यात्रा शुरू हुए 20 दिन हुए हैं लेकिन 20 दिनों में नौ लाख से अधिक श्रद्धालु चार धाम की यात्रा कर चुके हैं। तमाम अव्यवस्थाओं और मौसम की विसंगतियों के बावजूद भी श्रद्धा का सैलाब थमता नहीं दिख रहा है लेकिन यह खराब मौसम अगर ऐसा ही बना रहता है तो उससे यात्रा पर प्रभाव पढ़ना भी तय है। क्योंकि यात्रियों की सुरक्षा का सवाल सबसे सर्वोपरि है, शासन-प्रशासन को भी इसे लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है।

## मकान बनाने को लेकर डेढ लाख की धोखाधडी

देहरादून (सं)। मकान बनाने को लेकर ठेकेदार पर डेढ लाख रूपये की धोखाधडी करने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक्टरगंज शक्ति विहार निवासी नत्थी सिंह चौहान ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपने गांव में मकान का कार्य करवाना था, जिसके लिए 6 अप्रैल को मोहम्मद जलालुद्दीन उर्फ जीवन पुत्र अब्दुल हक निवासी जिला मोतीहारी उसके घर विकासनगर आया और उसके मकान के निर्माण करने के लिए सम्पर्क किया और रेट तय होने पर उसके साथ मोहम्मद जलालुद्दीन उर्फ जीवन ने एक लिखित एग्रीमेन्ट भी किया। उसने एग्रीमेन्ट में तय शर्तों के अनुसार उसे अपने बैंक एकाउन्ट से उसी दिन एक लाख पचास हजार रुपये मोहम्मद जलालुद्दीन को अदा किये, उसको जलालुददीन ने बताया कि उसका सारा काम उसका साथी अतोल व सलाम करेंगे। मोहम्मद जलालुद्दीन उर्फ जीवन सामान लेने के लिए सहारनपुर जाने व अपने साथी अतोल को कार्य हेतु गांव से बुलाने के लिए कह कर उसके घर से गया परन्तु उसके बाद उक्त व्यक्ति का फोन बंद आ रहा है और उसके साथी अतोल व सलमान भी उसकी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं, जबकि उक्त दोनों को उसकी पूर्ण जानकारी है, प्रार्थी को भय है कि तीनों व्यक्तियों ने मिल कर एक षड्यन्त्र के तहत उसके साथ धोखाधड़ी कर एक लाख पचास हजार रुपये ठग लिये है।

## मारपीट कर घर से निकालने के मामले में सास-ससुर व ननदों के खिलाफ तहरीर

देहरादून (सं)। मारपीट कर घर से निकालने के मामले में विवाहिता ने सास-ससुर व ननदों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दे दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार निवासी गौरी ने बसंत विहार थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका विवाह नीतिन से पांच साल पहले हुआ था तथा वह अपनी ससुराल में रह रही थी। उसका अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया तो वह अपने कमरे में चली गयी तथा उसका पति बाहर चला गया तभी उसकी ननदें व सास ससुर उसके कमरे में घुस आये और उसके साथ जमकर मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया। जिसके बाद उसने फोन कर अपने भाई गौरव को वहां पर बुलाया। वह अपने भाई को अपनी आप बीती बता ही रही थी तभी उसका ससुर अशोक कुमार वहां पर आया तथा उसकी मां व भाई के साथ मारपीट कर उनको भी घायल कर दिया।

# मर्तोलिया ने किया राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरांती का औचक निरीक्षण

नगर संवाददाता

मुनस्यारी। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय दरांती का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएल का प्रार्थना पत्र होने के बाद भी अंकित नहीं होने पर मर्तोलिया ने कड़ी आपत्ति जताई। अपने सामने मौजूद शिक्षक से सीएल उपस्थित पंजिका में अंकित करवाया।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। अध्यापक उपस्थित पंजिका को देखा तो पता चला कि प्रभारी प्रधानाध्यापक रोशनी बरफाल सीएल लेकर अवकाश में थी, लेकिन उपस्थिति पंजिका में सीएल को चढ़ाया नहीं गया है। जिपं सदस्य मर्तोलिया ने विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक जगत सिंह से तत्काल अपने सामने उक्त शिक्षिका का सीएल उपस्थित पंजिका में दर्ज करवाया। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी तथा न्याय पंचायत समन्वयक को फोन द्वारा बताया कि उनके क्षेत्र के 25 ग्राम पंचायतों में सीएल सहित अवकाश में रहने वाले शिक्षकों के अवकाश का पंजिका में दर्ज कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह भी कहा कि शिकायत मिल रही है कि शिक्षक अवकाश की अर्जी छोड़कर चले जाते है। लौटने के बाद उपस्थित पंजिका में हस्ताक्षर कर रहे है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक है कि अवकाश का प्रार्थना पत्र आने के बाद अवकाश लेने की पहली तिथि को अवकाश चढ़ा कर उपस्थिति पंजिका की फोटो कॉपी नेटवर्किंग साइट्स पर मंगा ली जाए।

मर्तोलिया ने कहा कि इस कार्य में कोताही बरतने पर न्याय पंचायत समन्वयक तथा खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक जगत सिंह ने बताया कि स्कूल में पानी नहीं आ पा रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता को फोन करके पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए जिपं सदस्य ने फोन किया।

## दुग्ध विकास समिति ने बाहरी जनपदों से आने वाले दूध मावे का किया बहिष्कार

संवाददाता

देहरादून। दुग्ध विकास समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर बाहरी जनपदों से आ रहे दूध व मावें का बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

आज यहां दुग्ध विकास समिति रजि० की आवश्यक बैठक समिति के महासचिव राम सिंह कश्यप के निवास स्थान पटेल नगर में सम्पन हुई जिसकी अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मेंदीरत्ता ने व संचालन महासचिव राम सिंह कश्यप ने किया।

इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष मेंहदीरत्ता ने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि शहर में बाहरी क्षेत्रों से आ रहे रेडीमेड पनीर व मावा को लेकर समिति चिंतित है ये शुद्ध और सही माल नही है उन्होंने सभी व्यवसायियों से बाहर के पनीर मावा बेचने वालों का बहिष्कार करने का आहवान किया और कहा कि सभी डेरी वाले व्यवसायी भविष्य में अपना बनाया पनीर मावा बेचे और बाहरी व नकली माल से बचें ये त्योहारी सीजन है। इसमें कुछ बाहरी व्यक्ति अच्छा मुनाफा कमाने के चक्कर मे तीर्थ यात्रा के चलते तीर्थ स्थलों पर ही वहां के दुकानदारों को भ्रमित कर उन्हें सस्ते सामान का लालच देकर पनीर मावा आदि खाने की वस्तुएं सप्लाई करना शुरू कर देते हैं जिससे जनता का भी नुकसान होता है और अच्छा सामान बेचने वाले दुकानदारों को भी चोट पहुंचती है। संचालन करते हुए महासचिव रामसिंह कश्यप ने कहा कि ऐसा कारोबार करने वालों की समिति भत्सर्ना व विरोध करती है तथा सभी साथियों से अनुरोध करती है कि सभी अपने अपने प्रतिष्ठान पर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ऐसा नकली सामान बेचने वाले से सावधान रहें हम सभी जागरूक रहकर अपना अपना व्यवसाय चलाएं चलाएं तय करलें की बहार का नकली सामान ना बेचेंगे और ना ही बेचने देंगे। राम सिंह कश्यप ने कहा कि ऐसा नकली कार्य करने वालों की समिति प्रशासन को जानकारी भी उपलब्ध कराएगी उन्होंने कहा कि अगर हम सभी प्रयास करें निश्चित रूप से हमारा कारोबार और अच्छा चलेगा प्रदेश, शहर,व जनता का फायदा होगा अच्छा काम करने पर प्रशासन का सहयोग भी मिलेगा ये सभी के फायदे के लिये एक अच्छा कदम होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मेहंदीरत्ता, महासचिव राम सिंह कश्यप (प्रधान), राम कपूर, प्रवीण चौधरी ,शिवम कुमार, सुभाष, नितिन कश्यप ,विनोद कुमार,आदि अनेकों दूध डेरी व्यवसायी मौजूद रहे।

परिषद्यं ह्यरणस्य रेक्णो नित्यस्य रायः पतयः स्याम।
न शेषो अग्ने अन्यजातमस्त्यचेतानस्य मा पथो वि दुक्षः।।
(ऋग्वेद ७–४–७)

ऋण के द्वारा एकत्रित किया हुआ धन अपना नहीं होता। अपना धन वही होता है जो उचित प्रकार से अर्जित किया गया हो और ऋण से रहित हो। जिस प्रकार दूसरे की संतान अपनी नहीं होती उसी प्रकार ऋण का धन भी अपना नहीं होता। ज्ञानियों के मार्ग को पाखंड से कभी भी दूषित नहीं करना चाहिए।

The wealth collected through debt is not your own. One's own wealth is that which has been earned through proper means and is free from debt. Just as the children of others are not your own, the wealth gathered through debt is not your own. The path of the wise sages should never be vitiated by hypocrisy. (Rig Veda 7-4-7)

## दुकान से बीस लाख रुपये का सामान चोरी में नौकर पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। दुकान से बीस लाख रूपये का सामान चोरी करने के मामले में नौकर के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थनपुर निवासी मुकेश रावत ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 13 अप्रैल को वह अपने न्यूट्रीशन स्टोर, नाम- एम आई न्यूटीशन स्टोर में प्रतिदिन की भाँति अपने प्रतिष्ठान पर आया एवं उसने नोटिस किया कि उसकी दुकान मे सप्लीमेंट बहुत कुछ कम है,जब उसने अपनी बिलिंग लिस्ट से सामान का मिलान किया तो सामान काफी कम था. उसके उपरान्त उसने अपनी दुकान पर काम सीखने वाले लडके मोहिन इम्त्याज खान पुत्र इम्त्याज अहमद खान निवास गान्ता मोला वाला, जिला बारामूला जम्मू एंड काश्मीर व हाल निवासी राजेन्द्रनगर देहरादून है से उसने पूछताछ हेतु बुलाया तो उसने सफाई दी कि माल में कोई गडबड नहीं हैं ।

उसके द्वारा पड़ोस के सी सी टी वी कैमरे की फुटेज देखने पर पाया कि एच आर नम्बर की स्वीफ्ट कार मौके पर रात पौने ग्यारह बजे को मोहिन इम्त्याज की उपस्थिति पायी गयी । उक्त गाडी आर टी ओ हरियाणा में ओम प्रकाश के नाम से रजिस्टर्ड है व संदेहास्पद है कि उसकी दुकान में इस कार की मौजूदगी कैसे है। उसके द्वारा मोहिन इम्त्याज को दी गयी दुकान की दूसरी चाबियों से दुकान में रखा सामान उपरोक्त कार में डालकर ले गया क्योंकि उसका घर दुकान से काफी दूर होने के कारण मोहिन ने ऐसा आपराधिक कारनामा किया। मोहिन इम्त्याज ने फोन पर भी उसकी दुकान से सामान चोरी की वारदात कबूल की व उसके खाते में दो लाख रूपए भी मोहिन ने डाले व बाकी रकम को अपने निकाह के बाद भरपायी करने को कबूला।

उसने जब दुकान के सामान का विवरण तैयार किया तो उसके यहां से करीब बीस लाख रूपये का सामान गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ऋतु खंडूड़ी राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन में लेगी भाग

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण केरल की विधानसभा में आयोजित होने वाले दो दिवसीय महिला विधायक सम्मेलन में भाग लेकर संविधान एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर अपने विचार रखेंगी।



❑ संविधान एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर रखेंगी विचार

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण 26 मई से केरल की विधानसभा तिरुवनंतपुरम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन-2022 में प्रतिभाग करेंगीद्य इस कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों में महिला मंत्रियों के अलावा, विधानसभा की महिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक और सांसद शामिल होंगी।

भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्आजादी का अमृत महोत्सवश् के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा किया जाएगाद्य यह देश में पहली बार है जब महिला प्रतिनिधियों का राष्ट्रीय स्तर पर इतना वृहद सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन में महिलाओं के अधिकार, लैंगिक समानता, निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं के पर्याप्त प्रतिनिधित्व पर केंद्रित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी 'संविधान एवं महिलाओं के अधिकार' विषय पर अपने विचार साझा करेंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 27 मई को समापन सत्र का उद्घाटन करेंगे।

# स्नातक स्तरीय परीक्षा की सीबीआई जांच होने चाहिएः पंवार



संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा कि प्रदेश में हुई स्नातक स्तरीय परीक्षा परिणामों की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पंवार ने कहा कि स्नातक स्तरीय परीक्षा में अनेक पदों के लिए 4 व 5 दिसम्बर 2021 को आयोजित की गयी थी। परीक्षा का परिणाम जारी करने के बाद इसमें बहुत सी अनियमितताएं सामने आयी है। इसके बावजूद उत्तराखण्ड सरकार और ना ही उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश नहीं दिये हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा 7 अप्रैल को उपरोक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा का परिणाम जारी करने के बाद ही कई अनियमितताएं देखने को मिली जिसमें बेरोजगार संघ द्वारा इतनी अनियमितताएं होने के बाद पेपर लीकक होने का भी अन्देशा जताया था परंतु आयोग द्वारा इस बात को बिना साक्ष्य के खारिज कर दिया था।

पंवार ने कहा कि बेरोजगार संघ को पेपर लीक होने के कुछ साक्ष्य मिले जिसे संगठन के द्वारा आयोग के अध्यक्ष एस राजू को उनके आवास पर सौंप दिये गये थे परंतु उनके द्वारा वर्तमान समय तक भी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है उन्होंने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस भर्ती में हुई अनियमितताओं पर भ्रष्टाचारियो को सजा दिलाने हेतु सीबीआई जांच के आदेश किये हैं परन्तु उत्तराखण्ड में इस भर्ती घोटाले पर मुख्यमंत्री की कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है जिससे सन्देह होता है कि सरकार भी भ्रष्टाचारियों को मौन समर्थन दे रही है।

उन्होंने कहा कि अगर इस भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच नहीं होती है तो भविष्य में भ्रष्टाचारियों द्वारा उत्तराखण्ड के युवाओं के भविष्य के साथ ऐसा भद्दा मजाक हमेश किया जायेगा। प्रेसवार्ता में राम कंडवाल, दीपक कंडारी, संदीप बुटोला, प्रदीप गुंसाई, जितेन्द्र प्रसाद ध्यानी आदि मौजूद थे।

# गोमुखः माँ गंगा स्वर्ग को त्यागकर पृथ्वी पर जहाँ रखती हैं अपना पहला कदम



माँ गंगा स्वर्ग को त्यागकर पृथ्वी पर जहाँ रखती हैं अपना पहला कदम उसे कहते हैं गोमुख! जहाँ पृथवी पर अवतरित होती हैं माँ गंगा और शुरू करती हैंपृथ्वी पर अपनी २५२५ किलोमीटर की लंबी यात्रा।

सनातन धर्म के लोगों के साथ साथ दुनियांभर के लोगों में आज भी माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरित होने के साक्षात बनने की गहरी चाहत है, लोग स्वयं आज गवाह बनना चाहते हैं। माँ गंगा के इसी दिव्य, भव्य, आलौकिक दर्शनों के लिए गोमुख तक जाने की लोगों में होड़ मची हुई है। वो तो धन्य है उन लोगों का जिन्होंने गोमुख तक बढ़ रही भीड़ से माँ गंगा के उदगम गंगोत्री ग्लेशियर पर बढ़ रही दबाव व माँ गंगा के अस्तित्व पर मँडराते खतरों से सरकार को चेताया और सरकार ने गोमुख तक जाने वाली भीड़ को नियन्त्रित कर दिया। सालों तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक गोमुख पहुंचने लगे थे। समुद्रतल से ४००० मीटर की ऊंचाई पर गोमुख में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर लगता था कि आप किसी बड़े शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हैं। स्थिति को गंभीर होते देख और श्रद्धालुओं की भीड़ माँ गंगा के लिए खतरा बनने लगी तो सरकार ने गोमुख की भीड़ पर नियंत्रण कर प्रतिदिन १५० लोगों को गोमुख की यात्रा की अनुमति देने का फैसला किया।। तब से लेकर अब गोमुख तक जाने वालों की संख्या अब न के बराबर ही रह गई है।

इसिलिय गंगोत्री ग्लेशियर बचा रहे, माँ गंगा का प्रवाह निर्वाध गति से चलता रहे, माँ गँगा निर्मल ,अविरल , स्वच्छ और भव्य दिव्य रूप में बहती रहे और आपलोगों को भी माँ गँगा के उदगम गोमुख के दर्शन मिल जाएं इसीलिए हम लाये हैं आपके लिए गोमुख से माँ गँगा के पृथ्वी पर अवतरित होने के दृश्यों को।।

गंगोत्री ग्लेशियर यानी गंगोत्री हिमानी गंगा नदी के प्रमुख स्रोतों में से है और २७ घन किमी के आकार के साथ हिमालय की सबसे बड़ी हिमानियों में से एक है। यह ३० किलोमीटर (१६ मील) लम्बी औरलगभग ४ किलोमीटर (१ से २ मील) चौड़ी है। इसी गंगोत्री लेशियर के (ह्यठ्ठशह्वह्ल) यानी मुहाने को जिसे दुनियाँ ष्ष्गौमुखष्ष के नाम से जानती हैं ये बहुत ही अदभुत है आलौकिक है अकल्पनीय है , भव्य व दिव्य है। इसी दैवीय स्वरूप में पृथ्वी पर प्रकट होती हैं माँ गँगा।

इसीलिए गोमुख से बंगाल तक है गंगा का विस्तार।

इसके किनारों पर सजते हैं कुम्भ जैसे मेले हजार।।

गोमुख में क्यों लगी है ट्रॉली इस विषय पर अगले अंक में आपको बताते हैं।

– लोकेंद्र सिंह बिष्ट

## शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायवाला थाना पुलिस ने गोलोक धाम हरिपुर कलां के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा। तलाशी लेने पर उसके हाथ में पकडे थैले से पुलिस ने एक पेटी चार पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम राम पुत्र राजेन्द्र निवासी हरिपुर कलां बताया।

# अलग-अलग स्थानों से तीन दुपहिया चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने तीन स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुमानीवाला श्यामपुर निवासी कुलदीप सिंह रावत ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए वह किसी कार्य से आयकर विभाग के कार्यालय गया था। उसने अपनी एक्टिवा आयकर विभाग के बाहर खडी कर दी थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। वहीं शिमला बाईपास निवासी तेजस कौशिक ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह शिखर फॉल में घुमने आया था उसने अपनी स्कूटी शिखर फाल के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। इसके साथ ही प्रेमनगर निवासी डीएस देवल ने प्रेमनगर थाने में अपनी एक्टिवा चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कृषि मंत्री ने किया 'फसल बीमा योजना' के प्रचार रथ को रवाना

संवाददाता

देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पुर्नगठित मौसम आधारित 'फसल बीमा योजना' के प्रचार रथ को रवाना किया।



आज यहां कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पुर्नगठित मौसम आधारित 'फसल बीमा योजना' के प्रचार रथ को रवाना किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि करने का निरंतर प्रयास कर रही है। इसके तहत किसनों की फसलों को ओलावृष्टि, अतिवृष्टि तथा अल्पवृष्टि व अन्य प्राकृतिक आपदाओं के तहत होने वाले नुकसान से उबरने हेतु सहयोग किया जाता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2021 में कुल 61,433 कृषकों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया गया है। जिसमें से 45,215 कृषकों को एसबीआई के माध्यम से बीमा लाभ दिलाया जा चुका है। वर्तमान सत्र, खरीफ 2022 के लिए अब तक एसबीआई में 2013 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रचार वैन को रवाना करते हुए वह राज्य के समस्त किसान भाईयों से अपील भी करना चाहता हैं कि इस सत्र की खरीफ फसल के बीमा हेतु तथा योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आवेदन करें। इस प्रकार की प्रचार वैन सभी जनपदों में भी प्रचार कर रहीं हैं। इसके अतिरिक्त सीएससी सेंटर के माध्यम से अथवा किसी भी नजदीकी बैंक में जा कर अथवा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पोर्टल में जा कर बीमा आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर श्रीदेव सुमन मंडल अध्यक्ष, पूनम नौटियाल, पार्षद सत्येन्द्र नाथ, संजय नौटियाल, मंजीत रावत, डॉ जगदीश चन्द्र कैम, अपर निदेशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, राजीव धीमान, क्षेत्रीय प्रबंधक अधिकारी एसबीआई जनरल इंश्योरेंश कम्पनी लि०, सुरेश लाल देव, कॉडिनेटर एसबीआई जनरल इंश्योरेंश कम्पनी लि० आदि उपस्थित रहे।

# जीवन के उस मुकाम पर हूं जहां अच्छा कॉन्टेंट चुन सकता हूं : अर्जुन रामपाल

लंदन फाइल्स में अपने किरदार डिटेक्टिव ओम सिंह के लिए तारीफें बटोर चुके अर्जुन रामपाल अब च्धाकड़ में एक खतरनाक विलेन रुद्रवीर के रूप में नजर आयेंगे। इस फिल्म में वह एक अंतरराष्ट्रीय जासूस का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनके लुक ने इंटरनेट पर जबरदस्त धूम मचाई हुई है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अर्जुन रामपाल एक बहुत ही बेहतरीन कलाकार हैं।

उन्होंने हमेशा से दमदार कहानियां चुनी हैं और अपने अभिनय से लोगों का दिल भी जीता है।

पिछले कुछ सालों में अर्जुन ने बहुत ही यादगार किरदार निभाये हैं। फिल्म रॉक ऑन में निभाए गए उनके किरदार जोसेफमस्कारेनहास के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अन्य किरदारों की बात करें तो वे कभी फिल्म राजनीति में पृथ्वीराज प्रताप बने तो कभी फिल्म कहानी-2 में डिटेक्टिव इंद्रजीत बने। कभी रा वन के विलेन तो कभी ओम शांति ओम में प्रोड्यूसर मुकेश मेहरा बने, और फिर लंदन फाइल्स में डिटेक्टिव ओम सिंह। इन सभी किरदारों ने लोगों के दिलों पर एक अलग छाप छोड़ दी है।

अर्जुन ने हाल ही में इस बात का खुलासा किया कि वे चुनिंदा फिल्मों का हिस्सा क्यों बनाना चाहते हैं, और अपनी फिल्में कैसे चुनते हैं।

एक्टर कहते हैं, मैं हमेशा से अच्छी स्टोरी और अच्छी स्क्रिप्ट को अहमियत देता हूं। मैं अपने जीवन के उस पड़ाव पर पहुंच गया हूं जहा मुझे अच्छे काम को चुनना है, न की जो मिले उसे करना है। भगवान की कृपा से आज मैं उस स्थान पर पहुंच चुका हूं जहां मेरे पास च्वाइस और ऑप्शन दोनों ही हैं, इसलिए उम्मीद है कि हर बार जब आप मुझे बड़े या छोटे पर्दे पर देखेंगे तो च्धाकड़ जैसी कुछ अच्छी फिल्मों के साथ देखेंगे।

# विजय देवरकोंडा-सामंथा स्टारर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर, टाइटल किया गया रिलीज

एक्टर विजय देवरकोंडा स्टार हीरोइन सामंथा रूथ प्रभु के साथ एक रोमांटिक प्रेम कहानी के लिए साथ काम कर रहे हैं, जिसे शिव निर्वाण द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल और फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया। सामंथा ने अपनी फिल्म कुशी का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, इस क्रिसमस-नए साल पर। खुशी, हंसी, और प्यार का एक विस्फोट होगा। गुलाबी रंग का पोस्टर आश्चर्यजनक है, जिसकी पृष्ठभूमि में एक बादल कश्मीर के नक्शे को दर्शाता है और दो कबूतर उड़ रहे हैं, जो प्रेम का प्रतीक है। इस बीच, मोशन पोस्टर काफी प्यारा है, और बैकग्राउंड काफी शानदार है। यह फिल्म 23 दिसंबर को तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। जयराम, सचिन खाडेकर, अली, वेनेला किशोर, राहुल रामकृष्ण, और अन्य फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित है। इस फिल्म का संगीत हिशाम अब्दुल वहाब ने दिया है।

# आरआरआर : 2 जून को होगा ओटीटी पर प्रदर्शन

ख्यातनाम निर्देशक एसएस राजामौली की हालिया प्रदर्शित और ब्लॉकबस्टर रही फिल्म आरआरआर अब सिनेमाघरों के बाद ओटीटी प्लेटफार्म पर धमाका करने को तैयार है। फिल्म ने सभी बॉलीवुड फिल्मों को जबरदस्त टक्कर दी। आरआरआर बीती 24 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ये फिल्म 5 भाषाओं कृहिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़कृमें रिलीज की गई थी। जी5 ने बताया है कि चार भाषाओं यानी तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में तो ये फिल्म 2० मई को ही रिलीज हो रही है लेकिन हिंदी के लिए थोड़ा सा और इंतजार करना होगा। जी5 हिंदी में इस फिल्म को 2 जून को ऐलान करेगा।

एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी और दक्षिण भारत के सुपर सितारों राम चरण और जूनियर एनटीआर के अभिनय से सजी फिल्म आरआरआर देशभर के सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक 8वें सप्ताह में चल रही है। हालांकि यह अब पूरे देश में अपितु देश के कुछ चुनिंदा शहरों के सिनेमाघरों में अभी भी दिखाई जा रही है। इस फिल्म का क्रेज अभी तक लोगों के सिर पर छाया हुआ है। यही वजह है कि फिल्म ने दुनिया भर के सिनेमाघरों से बंपर कमाई की है। फिल्म वैश्विक स्तर पर अब तक 115० करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म ने हिंदी बेल्ट में 2०० करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# गर्मियों में बचना है लू से तो अपनाएं ये घरेलू उपाय



गर्मी अकेले नहीं आती, बल्कि अपने साथ-साथ हमें परेशान करने के लिए अन्य कई तरह की समस्याएं भी ले आती है। इन समस्याओं में चिलचिलाती धूप, उमस और गर्म हवाएं शामिल हैं। इन दिनों दोपहर के समय बाहर बहुत तेज गर्म हवाएं चलती हैं, इन गर्म हवाओं को ही लू कहते हैं। मजबूत इम्युनिटी वाले लोग इन गर्म हवाओं को सहन कर लेते हैं लेकिन बहुत से लोग इन हवाओं को सहन नहीं कर पाते हैं और संपर्क में आते ही बीमार पड़ जाते हैं। देश में हर साल काफी बड़ी तादात में लोग लू की चपेट में आ जाते हैं।

लू लगने के कारण

गर्मी में बढ़ता पारा हवाओं को लू में बदल देता है। ऐसे में अगर हम धूप में शरीर पूरा ढंके बिना बाहर निकलते हैं, तो लू लगने का पूरी-पूरी संभावना रहती है। इसके अलावा तेज़ धूप में नंगे पैर चलना, घर से बिना कुछ खाए निकलना, कम पानी पीना, एसी वाली जगह से निकलकर तुरंत धूप में चले जाना, धूप से बाहर आकर तुरंत ठंडा पानी पीना और कम पानी पीने वालों को लू जल्दी अपनी चपेट में लेती है।

लू से बचने के असरदार घरेलू उपाय

-प्याज को भून लें और इसे एक साधारण प्याज के साथ मिलाकर पीस लें। इस मिश्रण में जीरा पाउडर और मिश्री मिलाकर खाने से भी लू से आराम मिलता है। इसके अलावा रोजाना खाने में कच्चे प्याज का इस्तेमाल करें।

-ज्यादा देर तक धूप में रहना हो तो छाते का इस्तेमाल करें।

-अधिक मात्रा में पानी पिएं। बाहर जाते समय पानी की बोतल साथ लेकर जाएं।

-घर पर ही आम का पना बनाकर पियें। लू से बचने का यह सबसे असरदार घरेलू उपाय है।

-धनिये और पुदीने दोनों की ही तासीर ठंडी होती है। लू से बचने के लिए गर्मियों में रोजाना धनिये और पुदीने का जूस बनाकर पिएं।

- प्याज के रस को निकाले और उसे पीये। साथ ही उसी रस को छाती पर भी मलें।

-गर्मियों के दिनों में हल्का भोजन करें

-पूरी बांह के कपड़े पहनें और नंगे पैर बाहर ना निकलें।

-हल्के रंगों वाले सूती कपड़े पहनें, सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें।

-गर्मी के दिनों में कभी भी खाली पेट घर से बाहर ना निकलें

-ऐसे में आप पुदीने की पत्तियों को पीसकर उसमें दो लौंग मिलाएं और दोबारा से पीस लीजिये। अब पानी मिलाकर उसका सेवन करें।

-सब्जियों का सूप बनाकर रोजाना सेवन करें।

-लू लगने पर कभी बहुत ठंडा पानी न दें ,मटके का पानी दे या सामान्य पानी दें।

-शरीर को ठंडा रखने के लिए दिन में एक या दो बार नींबू पानी का सेवन ज़रुर करें।

लू से बचने के आयुर्वेदिक उपाय

आयुर्वेद के अनुसार गर्मियों के दिनों में ठंडी तासीर वाली चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। ठंडी तासीर वाली चीजों को खाने से शरीर में ठंडक बनी रहती है और लू नहीं लगती है

सेब का सिरका : लू लगने पर शरीर में मिनरल और इलेक्ट्रोलाइट की कमी हो जाती है खासतौर पर पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रुरी मिनरल की मात्रा काफी कम हो जाती है। ऐसे में सेब के सिरके का सेवन करने से ये खोए हुए मिनरल वापस मिल जाते हैं और शरीर में इनका संतुलन बना रहता है।

खुराक और सेवन का तरीका : दो चम्मच सेब के सिरके को एक गिलास पानी में मिलाकर दिन में दो बार इसका सेवन करें।

चंदनासव : यह चंदन और कई तरह की जड़ी बूटियों से निर्मित एक आयुर्वेदिक पेय औषधि (आसव) है। आयुर्वेद के अनुसार चंदनासव में शीतल गुण होता है। ठंडी तासीर होने के कारण जब शरीर में गर्मी या जलन काफी बढ़ जाती है तो इसका इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद रहता है। लू लगने पर इसका सेवन करने से जल्दी आराम मिलता है।

खुराक और सेवन का तरीका : तीन से चार चम्मच चंदनासव और समान मात्रा में पानी मिलाकर दिन में दो बार खाना खाने के बाद इसका सेवन करें।

बेल का शरबत : गर्मियों में बेल का शरबत अमृत के समान होता है। बेल में विटामिन सी और फाइबर की मात्रा बहुत अधिक होती है। इसके सेवन से शरीर में ठंडक बनी रहती है और लू से बचाव होता है। बेल का शरबत पाचन तंत्र को भी दुरुस्त रखता है।

खुराक और सेवन का तरीका : रोजाना दिन में दो-तीन बार इस जूस का सेवन खाना खाने से पहले करें।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# पूजा हेगड़े ने कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग शुरु की

तीन बैक-टू-बैक बड़े थियेट्रिकल रिलीज के बाद, पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े ने मुंबई के विले पार्ले में सलमान खान की कभी ईद कभी दिवाली की शूटिंग शुरू कर दी है। सभी भाषाओं में सबसे अधिक डिमांड में रहनेवाली अभिनेताओं में से एक, पूजा ने अपने सोशल मीडिया पर सलमान खान के सिग्नेचर स्टाईल फ़िरोज़ी ब्रेसलेट के साथ तस्वीर शेयर कर शूटिंग शुरू करने की घोषणा की। वर्कोहॉलिक, पूजा फरहाद सामजी द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग तब तक जारी रखेगी जब तक वह कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए अपनी उड़ान नहीं भर लेती। अला वैकुंठपुरमुलु अभिनेत्रि , सामजी के निर्देशन के साथ मनोरंजन के स्तर को ऊंचा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अल्लू अर्जुन, प्रभास, थलपति विजय, और राम चरण सहित भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारों के साथ स्क्रीन पर केमिस्ट्री बनाने के बाद, वह अब सलमान खान के साथ अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार है। कभी ईद कभी दीवाली के लिए दो शेड्यूल की शूटिंग फॉरेन लोकेशन पर होगी, जिन्हें आने वाले हफ्तों में फइनलाइज़ होंगे । फेन्स उस जादू को देखने के लिए उत्साहित हैं जो यह नई जोड़ी पर्दे पर बिखरने वाली है। पूजा आगामी फिल्मों में सर्कस में रणवीर सिंह के साथ और एसएसएमबी28 में महेश बाबू के साथ नजर आएंगी।

# चिरंजीवी, राम चरण-स्टारर आचार्य ने 2 सप्ताह में की 40 करोड़ की कमाई

मेगास्टार चिरंजीवी और राम चरण-स्टारर आचार्य बॉक्स ऑफिस पर एक आपदा साबित हुई है। रिलीज के दूसरे हफ्ते में ही फिल्म का थिएट्रिकल रन लगभग खत्म हो गया है। सभी तिमाहियों से नकारात्मक समीक्षाओं के साथ, फिल्म का कुल संग्रह घरेलू बाजार में केवल 40.73 करोड़ रुपये है। इस बीच, दुनिया भर में कमाई 48.29 करोड़ रुपये शुद्ध और 75.90 करोड़ रुपये की सकल रही। कोराताला शिवा द्वारा अभिनीत, निर्देशन की कमी और खराब पटकथा के लिए फिल्म की आलोचना की गई है। पिता-पुत्र की जोड़ी स्टारर का निर्माण लगभग 140 करोड़ रुपये के उच्च बजट पर किया गया था, जिसने इसे टॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों की सूची में डाल दिया। ब्रेक ईवन के लिए, फिल्म को एक और रुपये की जरूरत है। बॉक्स ऑफिस पर 84.21 करोड़, जो अब असंभव प्रतीत होता है। कोनिडेला प्रोडक्शन कंपनी और मैटिनी एंटरटेनमेंट द्वारा वित्तपोषित, फिल्म में पूजा हेगड़े, सोनू सूद, जिशु सेनगुप्ता, नासर, वेनेला किशोर, सौरव लोकेश, किशोर, तनिकेला भरणी, अजय, बनर्जी, शत्रु, रवि प्रकाश, सत्यदेव कंचाराना, संगीता कृष और भी हैं। रेजिना कैसेंड्रा प्रमुख भूमिकाओं में।

# नई भाषा सीखने पर रोशनी सहोता को होती है खुशी

शक्ति अस्तित्व के एहसास की और पटियाला बेब्स जैसे टीवी शो में नजर आ चुकीं अभिनेत्री रोशनी सहोता हमेशा एक नई भाषा सीखकर खुश हैं। उन्होंने कहा, आज की दुनिया में, भाषा सीखना न केवल फायदेमंद है, बल्कि जीवन में सफलता के लिए आवश्यक है। यात्रा में आसानी और इंटरनेट ने दूर के बाधाओं को दूर कर दिया है, जो कभी समुदायों को अलग रखता था। इसलिए मुझे हमेशा नई भाषा सीखने में खुशी होती है। जैसा कि अभिनेत्री आगामी फिल्म ओ काला से टॉलीवुड में पदार्पण करने के लिए तैयार है, उन्होंने इसके लिए तेलुगू भाषा सीखी है। उन्होंने आगे कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि अब, मैं अब आसानी से तेलुगू समझ सकती हूं और बोल सकती हूं, हालांकि यह मेरी फिल्म के लिए था, लेकिन अब इससे मुझे फायदा हो रहा है। मैं अब जब भी खाली होती हूं तो लोकप्रिय तेलुगु फिल्में देखती हूं और कोशिश करती हूं यहां दर्शकों के प्रदर्शन और पसंद को समझें।

# ए.आर. रहमान की पहली फिल्म ले मस्क का कान एक्सआर में प्रीमियर

ग्रैमी विजेता भारतीय संगीतकार ए.आर. रहमान की पहली फीचर फिल्म ले मस्क का कान फिल्म मार्केट के कान एक्सआर प्रोग्राम में वर्ल्ड प्रीमियर होगा। 36 मिनट की फिल्म को एक सिनेमाई संवेदी अनुभव के रूप में बनाया गया है जिसमें आभासी वास्तविकता को शामिल किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह राजकुमारी और संगीतकार जूलियट मेर्डिनियन की जीवनी पर है जो अनाथ होने के 20 साल बाद, उन पुरुषों की तलाश करती है जिन्होंने उसके जीवन को बदलकर रख दिया था। रहमान ने कहानी को अपनी पत्नी सायरा के एक मूल विचार से विकसित किया है।

वे इत्र के लिए प्यार साझा करते हैं और इमर्सिव सिनेमा में एक कथा उपकरण के रूप में सुगंध को नियोजित करना चाहते हैं। रहमान ने इसकी पटकथा लिखी है। रहमान ने कहा कि ले मस्क को दुनिया भर में सहयोगियों के साथ बनाने में कई साल लग गए। हमने एक अभूतपूर्व, सूक्ष्म संवेदी सिनेमाई अतियथार्थवाद बनाने का लक्ष्य रखा था। (आरएनएस)

# जल्द शादी रचाएंगे अभिनेता अभय देओल



बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल हाल के दिनों में फिल्मों से अधिक निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। सोशल मीडिया पर वह अपने फैंस से रूबरू होते रहते हैं। उनके अफेयर की बात करें तो उनका नाम कई महिलाओं के साथ जोड़ा गया। अब अभय के चाहने वालों के लिए एक खुशखबरी सामने आई है। अभय बहुत जल्द शादी रचाने वाले हैं। उन्होंने अपनी फिल्म जंगल क्राई के प्रमोशन के दौरान इस संबंध में खुलासा किया है।

उन्होंने कहा कि वह शादी करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जब उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं शादी कर रहा हूं। हालांकि, उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि उनकी दुल्हनिया कौन बनेंगी। साथ ही उन्होंने अपनी शादी से जुड़ी अन्य जानकारियों को भी साझा करना उचित नहीं समझा। उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने आएगी।

रिपोर्ट की मानें तो अभय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसमें वह अपनी शादी के बारे में बात करते हुए दिखे हैं।

पिछले साल अभय ने सोशल मीडिया पर अपनी खास दोस्त शिलो शिव सुलेमान के साथ रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट की थीं। इसके बाद लोग कयास लगाने लगे थे कि अभय और शिलो के बीच प्रेम की खिचड़ी पक रही है। शिलो, फियरलेस कलेक्टिव नाम के आर्ट कलेक्टिव की फाउंडर और डायरेक्टर हैं। 32 वर्षीया शिलो का जन्म और परवरिश बेंगलुरु में हुआ। अपनी मां से प्रेरित होकर शिलो ने बचपन में ही इल्स्ट्रेशन बनाना और लिखना शुरू कर दिया था।

शिलो से पहले अभय देओल का नाम सेलेब्रिटी मैनेजर और आर्टिस्ट साइरीना मामिक के साथ जुड़ा था। हालांकि, अभिनेत्री प्रीति देसाई के साथ अभय का रिश्ता सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दोनों ने करीब चार सालों तक एक-दूसरे को डेट किया था।

अभय के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने फिल्म सोचा न था से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी। वह जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और देव डी जैसी कई फिल्मों में नजर आए हैं। अभय यूं तो कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें इंडस्ट्री में कभी सुपरस्टार का दर्जा नहीं मिला। वह आखिरी बार देशभक्ति से प्रेरित वेब सीरीज 1962रू द वॉर इन द हिल्स में नजर आए थे।

# पिया बाजपेयी ने अपने आयुर्वेदिक सात्विक आहार को लेकर कही यह बातें

बॉलीवुड और दक्षिण एक्ट्रेस अभिनेत्री पिया बाजपेयी अपने करियर में को और गोवा। जैसी कॉलीवुड फिल्मों से लेकर लाल रंग और द वर्जिन जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक अपने करियर में ऊपर की ओर बढ़ रही हैं। हमें अपने विशेष आहार के बारे में जानकारी देते हुए कि वह आकार में रहने के लिए अनुसरण कर रही है, मिर्जा जूलियट अभिनेत्री इस बारे में बात करती है कि कैसे आधुनिक पुरुषों और महिलाओं को अस्वास्थ्यकर विकल्पों के साथ बमबारी की जाती है और सही लोगों की तलाश करना मुश्किल हो जाता है।

एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने शुरुआती परीक्षण के रूप में 11 दिन बिना अनाज वाले आहार की कोशिश की और जब यह वास्तव में अच्छा रहा, तो उन्होंने आगे भी जारी रखा। आज हमारे समय की दुखद वास्तविकता यह है कि हमें किसी पेशेवर की जरूरत है जो हमें बताए कि हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। हमारे माता-पिता के समय में ऐसा नहीं था और वे एक सरल खुशहाल जीवन जीते थे। कई अस्वास्थ्यकर, खाद्य पदार्थ और वस्तुएं, जो व्यावसायिक कारणों से विपणन की जाती हैं, हमारे लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनना मुश्किल है।

फिटनेस एडवाइस पर पिया ने कहा कि, हर किसी का शरीर और संरचना और चयापचय अलग-अलग होता है और इसलिए एक विशेष आहार सभी के लिए काम नहीं कर सकता है। आपको एक ऐसा खोजना होगा जो आपको सूट करे और उस पर काम करे। मैंने व्यक्तिगत रूप से एक डिटॉक्सिंग च्सात्विकज् आहार शुरू किया जिसमें सभी ताजा और जैविक भोजन शामिल हैं। यह शरीर को भीतर से साफ करता है और आपको हल्का और खुश महसूस कराता है। कार्ब्स के बजाय फलों और सब्जियों पर स्विच करने का एक फायदा है कि जब भी आपको भूख लगे तब खा सकते हैं। पिया वाजपेयी जल्द ही फिल्म लॉस्ट में नजर आने वाली है।

# एस्केप लाइव में कंटेंट मॉडरेटर की भूमिका निभाएंगे अभिनेता सिद्धार्थ



अभिनेता सिद्धार्थ कई परियोजनाओं का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी कंटेंट मॉडरेटर की भूमिका नहीं निभाई है। सिद्धार्थ डिज्नी प्लस हॉटस्टार की आगामी सीरीज एस्केप लाइव में वे कंटेंट मॉडरेटर की भूमिका निभा रहे हैं। अपने ओटीटी डेब्यू प्रोजेक्ट में अपने चरित्र के बारे में साझा करते हुए सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि, मैं एस्केप लाइव में एक कंटेंट मॉडरेटर की भूमिका निभा रहा हूं। यह एक ऐसा चरित्र है जो आपको एस्केप की दुनिया को उसके और उसकी महत्वाकांक्षाओं और प्रेरणाओं के माध्यम से देखने में सक्षम बनाता है। जहां तक आज की दुनिया में सोशल मीडिया का संबंध है, इसके प्रदर्शन के लिए एक संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। अति किसी भी चीज की बुरी होती है और आज के समय में लोगों को आभासी संतुष्टि की तुलना में अधिक वास्तविक बातचीत करने की आवश्यकता है। इंटरनेट एक विश्वास करने योग्य स्थान है जो आपके वास्तविक जीवन को दर्शाता है।

एक व्यक्ति को जितना हो सके उतना सावधान रहने की जरूरत है। एस्केप लाइव एक काल्पनिक कहानी है, जिसे जया मिश्रा और सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने लिखा है, जो सच और वास्तविक हो सकती है। कहानी में अलग-अलग रास्तों पर कंटेंट क्रिएटर्स का एक समूह है।

सिद्धार्थ कुमार तिवारी के वन लाइफ स्टूडियोज के तहत निर्मित, नौ-एपिसोड की सीरीज प्रतिस्पर्धी होने की मानवीय प्रवृत्ति और सफल होने की इच्छा पर जोर देती है। जैसलमेर में आधारित डांस रानी की कहानी में उनके संवाद विनोद शर्मा द्वारा लिखे गए थे, जबकि अमचा की पंक्तियों को अमोल सुर्वे ने लिखा था। इसी तरह मीनाकुमारी और सुनैना के संवादों के बनारस-आधारित पात्र रणवीर प्रताप सिंह द्वारा लिखे गए थे, जबकि डार्की और फेस्टिश गर्ल के संवाद जया मिश्रा और सिद्धार्थ कुमार तिवारी द्वारा लिखे गए थे। कलाकारों में जावेद जाफरी, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, सुमेध मुदगलकर, स्वास्तिका मुखर्जी, प्लाबिता बोरठाकुर, वलूचा डिसूजा, ऋत्विक साहोरे, गीतिका विद्या ओह्यान, जगजीत संधू, रोहित चंदेल और बाल कलाकार आद्या शर्मा शामिल हैं।

# क्षेत्रीय पार्टियों से ही भाजपा को चुनौती

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के उदयपुर के नव संकल्प शिविर के समापन भाषण में करीब 99 फीसदी बातें वहीं कहीं, जो वे पिछले आठ साल से कह रहे हैं। भाजपा समाज को बांटती है, जबकि कांग्रेस जोड़ती है और भाजपा चंद उद्योगपतियों के लिए काम करती है, जबकि कांग्रेस सबके लिए काम करती है, यह उनके भाषण की थीम थी। ये बातें वे सालों से कर रहे हैं। च्मैं किसी से नहीं डरता हूं और मैंने किसी से एक रुपया नहीं लिया हैज्, यह बात वे कई बार कह चुके हैं। उन्होंने यह कबूल किया कि कांग्रेस का जनता से कनेक्शन टूट गया है, यह भी कोई नई बात नहीं है। वे हर चुनाव में कांग्रेस के हारने के बाद मीडिया के सामने आकर या ट्विट करके हार की जिम्मेदारी कबूल करते हैं तो वह असल में इसी बात का स्वीकार होता है कि कांग्रेस का कनेक्शन जनता से टूट गया है।

उनके करीब 35 मिनट के भाषण में कुल मिला कर एक लाइन नई थी कि क्षेत्रीय पार्टियां भाजपा को नहीं हरा सकती हैं क्योंकि उनके पास कोई विचारधारा नहीं है। वे पहले भी कहते रहे हैं कि सिर्फकांग्रेस ही भाजपा से लड़ सकती है। लेकिन इस बार उन्होंने क्षेत्रीय पार्टियों और उनकी विचारधारा का मुद्दा उठा दिया।

राहुल गांधी का यह बयान न सिर्फ राजनीतिक रूप से गलत है, बल्कि तथ्यात्मक रूप से भी गलत और भ्रामक है। मौजूदा समय की हकीकत है कि एकाध अपवाद को छोड़ कर कांग्रेस कहीं भी अकेले भाजपा से नहीं लड़ रही है। वह खुद ही कई राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों पर आश्रित है और उन्हीं की ताकत के सहारे लड़ रही है। दूसरी ओर क्षेत्रीय पार्टियां अपने दम पर भाजपा से लड़ सकती हैं और लड़ रही हैं कांग्रेस पार्टी इसलिए भाजपा से नहीं लड़ पा रही है क्योंकि उसके पास न संगठन की ताकत बची है और न विचारधारात्मक ताकत है। तीन दिन के नव संकल्प शिविर में भी कांग्रेस की विचारधारात्मक स्पष्टता नहीं दिखी।

पार्टी ने भाजपा की राजनीति को विभाजनकारी बताया लेकिन इस पर हमला दो टूक नहीं था। भाजपा हिंदुत्व की राजनीति का इस्तेमाल कर रही है यह कांग्रेस ने नहीं कहा। पार्टी ने यह भी नहीं कहा कि वह हिंदुत्व की इस राजनीति के बरक्स कौन सी राजनीति करेगी? उसके पास क्या वैकल्पिक विचार है, यह स्पष्ट नहीं किया गया। भाजपा की तरह कांग्रेस भी हिंदुत्व या नरम हिंदुत्व के रास्ते पर चल रही है। उसका रास्ता क्या यही रहेगा, यह स्पष्ट नहीं किया गया? सो, वैचारिक अस्पष्टता किसी भी क्षेत्रीय पार्टी से ज्यादा कांग्रेस में है। यहीं कारण है कि क्षेत्रीय पार्टियों में टूट-फूट नहीं हो रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी के नेता पलक झपकने में जितना समय लगता है उतने समय में पार्टी बदल देते हैं। यह कांग्रेस के वैचारिक पतन की पराकाष्ठा है, जो इतनी बड़ी संख्या में उसके नेता पार्टी छोड़ रहे हैं।

अब रही बात जीतने-हारने की तो उसकी हकीकत समझने के लिए किसी बड़ी बौद्धिक कवायद की जरूरत नहीं है। पिछले आठ साल में क्षेत्रीय पार्टियों ने ही जगह जगह भाजपा का विजय रथ रोका है। क्षेत्रीय या गैर कांग्रेसी पार्टियों से ही लडऩे में भाजपा को मुश्किल हो रही है। राहुल गांधी हर जगह बिना मतलब यह बताते रहते हैं कि वे साहसी हैं और भाजपा से नहीं डरते हैं। यह कहे बगैर ही अनेक राज्यों के प्रादेशिक क्षत्रप भाजपा से लड़ रहे हैं। वे अपने साहस का डंका नहीं बजा रहे हैं। वे केंद्रीय एजेंसियों की मार भी झेल रहे हैं। इसके बावजूद भाजपा से लड़ रहे हैं और उसे हरा भी रहे हैं। उनकी और कांग्रेस की हार-जीत का अनुपात निकालें तो तस्वीर अपने आप साफ हो जाएगी। भाजपा के नेता भी मानते हैं कि उनके लिए कांग्रेस से लडऩा और उसे हराना बहुत आसान है। भाजपा बार बार कांग्रेस को हरा रही है और उसके नेता सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि उनके असली प्रचारक राहुल गांधी हैं। यह बात वे प्रादेशिक नेताओं के बारे में नहीं कहते हैं। संभव है कि कांग्रेस की अखिल भारतीय मौजूदगी और पुराने इतिहास को देखते हुए भाजपा उसकी वापसी की संभावना से डरती हो और इसलिए राहुल को ज्यादा निशानी बनाती हो लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक पिछले आठ साल में राहुल और उनकी कमान वाली कांग्रेस ने भाजपा को वास्तविक चुनौती नहीं दी है।

भाजपा के लिए वास्तविक चुनौती प्रादेशिक पार्टियां हैं। बिहार में 2015 में राजद और जदयू मिल गए तो दोनों ने भाजपा को बुरी तरह से हराया। ममता बनर्जी ने तो पश्चिम बंगाल में 2016 और 2021 में लगातार दो बार हराया। इसी तरह अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में लगातार दो चुनावों में भाजपा को बुरी तरह से हराया। झारखंड में हेमंत सोरेन ने भाजपा को निर्णायक रूप से हराया। बिहार और झारखंड में कांग्रेस भी गठबंधन सहयोगी थी, जिसका फायदा उसे मिला। तमिलनाडु में डीएमके ने अन्ना डीएमके से गठबंधन करके भाजपा के लडऩे की रणनीति को बुरी तरह से विफल किया। केरल में वाम मोर्चे ने भाजपा को रोका है तो ओडिसा और आंध्र प्रदेश में भी दो क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के विजय रथ को रोक रखा है। तेलंगाना में भी भाजपा को रोकना है तो यह काम कांग्रेस नहीं करेगी, बल्कि टीआरएस करेगी। महाराष्ट्र में भाजपा की पुरानी सहयोगी शिव सेना ने पहल करके भाजपा को सरकार बनाने से रोका।

प्रादेशिक पार्टियों के इस प्रदर्शन के बरक्स कांग्रेस का प्रदर्शन देखें तो तस्वीर बिल्कुल साफहो जाती है। जहां भी कांग्रेस का सीधा मुकाबला था या भाजपा को रोकने की जिम्मेदारी कांग्रेस की थी वहां वह लगभग पूरी तरह से असफल रही। समूचा पूर्वोत्तर किसी क्षेत्रीय पार्टी की वजह से भाजपा के नियंत्रण में नहीं गया है, बल्कि वह कांग्रेस की विफलता थी कि वहां आधा दर्जन राज्यों में भाजपा की या उसके समर्थन वाली सरकार बनी है। कर्नाटक में जेडीएस टूटने के कारण कांग्रेस और जेडीएस की साझा सरकार नहीं गिरी थी, बल्कि कांग्रेस की कमजोरी और उसके टूटने की वजह से सरकार गिरी थी। मध्य प्रदेश में लोगों ने कांग्रेस को जीत दिलाई थी लेकिन कांग्रेस की कमजोरी से वहां भी सरकार गिर गई। सिर्फदो राज्यों में इस समय कांग्रेस की सरकार है और वह भी पार्टी की किसी विचारधारा या केंद्रीय नेतृत्व की वजह से नहीं है, बल्कि पार्टी के दो कद्दावर प्रादेशिक क्षत्रपों की वजह से है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा का जहां कांग्रेस से मुकाबला है वहां उसका रिजल्ट सौ फीसदी के करीब है। दो-तीन राज्यों को छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में लोकसभा चुनाव में भी प्रादेशिक क्षत्रपों ने ही भाजपा को चुनौती दी है और उसे रोका है।

कांग्रेस इस हकीकत को नजरअंदाज कर रही है कि ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियों के पास लंबा राजनीतिक इतिहास है और वे किसी न किसी आंदोलन से निकली हैं। अलग झारखंड राज्य के आंदोलन से झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म हुआ तो मंडल की राजनीति से राजद, सपा आदि पार्टियों का उदय हुआ। लंबे द्रविड आंदोलन की पैदाइश डीएमके है तो अलग राज्य के आंदोलन से तेलंगाना राष्ट्र समिति का उदय हुआ। साढ़े तीन दशक के लेफ्ट शासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस बनी है। इन पार्टियों के पास अपना इतिहास है, अपनी विचारधारा है, अपने लोगों के लिए काम करने का एजेंडा है और सबसे ऊपर इनके पास संगठन और कैडर की ताकत है। इनके बरक्स कांग्रेस के पास इतिहास छोड़ कर और कुछ नहीं बचा दिख रहा है।

## सू- दोकू क्र.077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.076 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# कांग्रेस का नव चिंतन



राहुल गांधी का यह स्वीकार करना अहम है कि कांग्रेस का जनता का जनता से संवाद टूट गया है। उनकी दूसरी यह बात महत्त्वपूर्ण है कि भाजपा के खिलाफसंघर्ष में अब कोई शॉर्ट कट नहीं है।

कांग्रेस ने उदयपुर में अपने चिंतन शिविर में अपने और देश के वर्तमान यथार्थ को स्वीकार करने का साहस दिखाया- यह कहा जा सकता है। इसके अनुरूप उसने अपनी रणनीति और कार्यनीति को ढालने का फैसला किया है- यह भी वहां स्वीकार किए गए नव संकल्प घोषणा पत्र से स्पष्ट है। असल में क्या होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता। लेकिन कुछ बातों ने ध्यान खींचा। मसलन, राहुल गांधी का यह स्वीकार करना कि कांग्रेस का जनता का जनता से संवाद और संपर्क टूट गया है। उनकी दूसरी यह बात महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह सत्ता के सभी केंद्रों पर अपनी पकड़ बना ली है, अब उसके खिलाफ संघर्ष में कोई शॉर्ट कट नहीं है। दरअसल, संघर्ष की बात कहना ही अपने-आप में अहम है। इससे बात चुनावी रणनीति और जोड़-तोड़ से आगे जाती है। यह समझ भी सही दिशा में है कि अब कांग्रेस के नेता हों या कार्यकर्ता- सबको जनता के बीच सचमुच जाना होगा- यानी सिर्फ जनता के पास जाने की रस्म-अदायगी से काम नहीं चलेगा।

इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने राजनीतिक-आर्थिक- सामाजिक संदेशों का भी नव-आविष्कार करने की कोशिश की है। मसलन, अर्थव्यवस्था के संबंध में उसका फिर से सार्वजनिक क्षेत्र की मुख्य भूमिका पर जोर देना, आर्थिक नीति में रोजगार को केंद्रीय महत्त्व देना, किसानों की स्वामीनाथन फॉर्मूले के मुताबिक न्यूनतम मूल्य की मांग का समर्थन करना, और नए सामाजिक यथार्थ के मुताबिक सामाजिक प्रतिनिधित्व की बात को स्वीकार करना- एक नव चिंतन की तरह है। अगर ये चिंतन सचमुच कांग्रेस नेतृत्व, संगठन और कार्यकर्ताओं के मानस में उतर पाया, तो कहा जा सकता है कि हाल की चुनावी हार से लगे झटके सार्थक हुए हैँ। अगर इस चिंतन से कांग्रेस इस भ्रम से निकल पाई कि वह भारत में शासन की कुदरती पार्टी है और अपने को प्रबंधकीय भूमिका से निकाल कर फिर राजनीतिक संगठन बना पाई, तो उसके पुनरुद्धार की जमीन तैयार हो सकती है। देश को उससे ऐसी समझ और पहल की आशा है, यह एक जग-जाहिर बात है। इसलिए उसके नए संकल्प पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी। (आरएनएस)

## जुबिन नौटियाल का डियर दिया का नवीनतम ट्रैक मन उड़ा उड़ा जाए हुआ वायरल

लोकप्रिय गायक जुबिन नौटियाल का फिल्म डियर दिया का नवीनतम गाना मन उड़ा उड़ा जाए रिलीज हो गया है। निर्माता कमलेश सिंह कुशवाहा ने साझा किया कि- यह एक कन्नड़ भाषा की फिल्म है जिसमें हिंदी में कोई गाना रिलीज नहीं किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध गायकों के गाए गए पांच ट्रैक हैं।

के.एस.अशोका ने इसे निर्देशित किया है, फिल्म का निर्माण कमलेश सिंह कुशवाहा ने नेट्रिक्स एंटरटेनमेंट के नाम से किया है। इसमें मिहिका कुशवाहा, पृथ्वी अंबर और उज्जवल शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

कमलेश जो फिल्म के निर्माता हैं, साझा करते हैं कि- उनका मानना है कि फिल्म डियर दीया इसे सुपरहिट फिल्म सूची में शीर्ष पर पहुंचाएगी। यह कन्नड़ भाषा में एक सुपरहिट फिल्म थी जिसमें कोई गाने नहीं थे और हमने जुबिन नौटियाल, शंकर महादेवन, पलक मुच्छल और ज्योतिका तंगरी जैसे प्रतिष्ठित गायकों के गाए गए पांच खूबसूरत गाने जोड़े हैं। और फिल्म सिनेमा घरों में तहलका मचाने जा रही है।

फिल्म एक प्रेम कहानी है। पलक मुच्छल, जुबिन नौटियाल, शंकर महादेवन और ज्योतिका टंगरी ने गाए गाने डियर दिया 10 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।(आरएनएस)

# शादी का झांसा देकर युवती से 15 साल तक किया दुष्कर्म

संवाददाता

देहरादून। शादी का झांसा देकर 15 साल तक युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहारनपुर निवासी युवती ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वर्ष 2007 में पार्क रोड निवासी रजनीश गर्ग की बहन की शादी में वह देहरादून आयी थी तभी से उसके व रजनीश गर्ग के बीच फोन नम्बर का अदान प्रदान हुआ तथा आपस में बातचीत होने लगी। उसने बताया कि इस दौरान रजनीश उनके यहां सहारनपुर भी आता था। युवती ने बताया कि इस दौरान उनके घर वालों को पता चल गया तो उन्होंने दोनों की शादी करने का नि र्णय लिया। युवती ने बताया कि इसके बाद रजनीश उसको दून बुलाकर होटल, रेस्टोरेंट में ले जाता था तथा उसकी मर्जी के बगैर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाता था तथा कहता था कि अब हमारी शादी होने वाली है तो फिर किस बात का डर है। युवती ने बताया कि वर्ष 2007 से अभी तक रजनीश उसको शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा है। वर्ष 2021 में रजनीश के परिवार वालों ने उनका रिश्ता तोड दिया उसके बाद भी रजनीश उससे सम्पर्क बनाता रहता था। यह रजनीश की चाल थी कि वह उसके चंगुल में फंसी रहे। इसके बाद वर्ष 2022 को रजनीश ने उसका फोन उठाना बन्द कर दिया। जिसके बाद उसको पता चला कि रजनीश उसके साथ समय बीता रहा था। डीआईजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मकान मालिक पर छेडछाड का आरोप

देहरादून (सं)। किरायेदार की पत्नी ने मकान मालिक पर लगाया छेडछाड का आरोप पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार साकेत कालोनी निवासी महिला ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह यहां मुकुंद सिंह बिष्ट के यहां किराये पर रहते हैं। आज प्रात: मुकुंद सिंह बिष्ट (मकान मालिक) ने उसके कमरे में घुसकर छेड-छाड और कपड़े फाडने के प्रयास किया। इस दौरान उसने अपना बचाव करा तो मुकुंद सिंह बिष्ट ने उसको धक्का दिया और वह गिर गई, उस समय उसके पति स्नान कर रहे थे इसका फायदा मुकुंद सिंह बिष्ट ने उठाया और जबरदसती प्रवेश कर उसके साथ छेड-छाड का प्रयास किया। वह मकान मालिक के ऐसे व्यवहार से परिचित थे और परेशान थे, वह भद्दी गालियाँ देता था और आज भी एसी गालियाँ दे रहा था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## ज्वांइट मजिस्ट्रेट की एचआरडीए कार्यालय..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कार्यालय नही पहुँचे। बताया जा रहा है कि एई ने ग्रुप में छुट्टी का प्रार्थना पत्र डाला था। इस पर जेएम ने कहा कि जो भी कर्मचारी अवकाश पर जाए वह उनसे अवकाश ले। एई भट्ट की अनुपस्थिति जेएम ने लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गैर हाजिर रहे कर्मचारियों की भी अनुपस्थिति लगाई गयी। ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारी समय से कार्यालय उपस्थित हों अगर कोई फील्ड में है तो अपनी लाईव लोकेशन ऑफिसियल व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करे। छापेमारी के दौरान कर्मचारियों में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह ने कहा कि प्रत्येक एई जेई प्रतिदिन 10 नोटिस काटेंगे, शुरुआत आज से करें और पांच नोटिस काटें। कहा कि सभी का एरिया डिवाइड होगा और वह अपने एरिये में काम करेगा। नोटिस का टारगेट पूरा न होने पर बताना होगा कि वहां कोई अवैध निर्माण नही चल रहा है फिर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट इसकी जांच करेंगे या करवाएंगे। उन्होने कहा कि किसी गरीब व्यक्ति को नाजायज परेशान न किया जाए।

## केदार धाम यात्रा पर अस्थाई रोक..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

चमोली से प्राप्त समाचारों के अनुसार हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ में आज बारिश और बर्फबारी होने की खबरें हैं। हालांकि खराब मौसम के बीच भी यहां यात्रा को रोका नहीं गया है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में अभी 28 मई तक मौसम ऐसा ही रहेगा। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग द्वारा चार दिन पूर्व ही राज्य में आज शाम तक मौसम खराब रहने की सूचना राज्य के शासन-प्रशासन को दे दी गई थी तथा ऑरेंज अलर्ट के साथ चार धाम यात्रा पर आए सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बरतने को कहा गया था।

बीते तीन दिनों से राजधानी दून सहित राज्य के सभी जिलों में बारिश और तेज हवाओं के साथ कहीं ओलावृष्टि हो रही है तो कहीं बर्फबारी का क्रम जारी है जिससे तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अब राज्य में आगामी 28 मई तक ऐसा ही मौसम रहने का पूर्वानुमान जताया है।

# केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत

हमारे संवाददाता

बुलंदशहर। केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के साथ आज सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तीर्थ यात्रियों से भरी स्कॉर्पियो राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रक में जा घुसी। इस सड़क हादसे में स्कॉर्पियो में सवार दो बच्चों सहित कुल 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 5 गंभीर रूप से घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।



जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में स्कॉर्पियो कार की भीषण टक्कर हो गयी। जिस कारण 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह सभी लोग बुलंदशहर से केदारनाथ धाम दर्शन के लिए जा रहे थे और गाड़ी की रफ्तार तेज होने के चलते नेशनल हाईवे पर गांव बराल के समीप स्कॉर्पियो कार सड़क पर खड़े एक ट्रक में जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीर्थयात्रियों से भरी स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में चल रही थी और चालक की नजर जब अचानक सामने खड़े ट्रक पर पड़ी तो तेज स्पीड की वजह से चालक गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और ब्रेक लगाने से पहले ही यह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस सड़क हादसे में स्कॉर्पियो में सवार दो बच्चों सहित 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 5 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी में से लोगों को निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज किया जा रहा है। मृतकों की पहचान हार्दिक माहोर (3) वंश माहोर (5) पुत्र हरेन्द्र निवासी देवीपुरा बुंलदशहर, शालू (21) पुत्री उमेश कुमार निवासी बुलंदशहर हिमांशु अग्रवाल (25) पुत्र नीरज अग्रवाल निवासी बुलंदशहर व शिकोहाबाद निवासी पारस (22)पुत्र ओमप्रकाश बताये जा रहे है। वहीं घायलों में हरेन्द्र पुत्र रोशनलाल, उनकी पत्नी रिंकी, बहन बेबी व मृतक पारस की बहन सिंकी व दामिनी शामिल है।

## कार खाई में गिरी, क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। धरासू-यमुनोत्री मार्ग पर एक कार के खाई में गिर जाने से कार सवार क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक को बाहर निकाला और अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।



जानकारी के अनुसार कार सवार जसंवत चौहान पुत्र राजेन्द्र चौहान निवासी बड़कोट किसी कार्यवश उत्तरकाशी जा रहे थे। जब उनकी कार धरासू-यमुनोत्री मोटर मार्ग पर कल्याणी के समीप पहुंची तो वह कार से अपना नियंत्रण खो बैठे और कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद पुलिस ने परिजनों को मामले की जानकारी देकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। जिससे बनाल क्षेत्र में शोक की लहर है। जशवंत चौहान क्षेत्र पंचायत सदस्य बताये जा रहे है।

# सर्वे कराकर गरीबी रेखा में जीवन यापन करने वालों का बनाया जाये राशन कार्ड: चोपड़ा

नगर संवाददाता

हरिद्वार। पहले सभी राशन कार्ड नोटबंदी की तर्ज पर समाप्त किए जाने चाहिए उसके उपरांत सभी मलिन बस्तियों शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र इत्यादि क्षेत्रों में सर्वे कराकर गरीबी रेखा में अपना जीवन व्यतीत कर रहे लाभार्थियों के नए राशन कार्ड बनाए जाने चाहिए।

मीडिया को जारी एक बयान के माध्यम से यह बात आज पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा द्वारा कही गयी।

उन्होने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशन में उत्तराखंड सरकार द्वारा जिला नागरिक आपूर्ति कार्यालय के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को राशन दिए जाने की प्रणाली के परिवर्तन पर कार्य कर रही है। उन्होने उत्तराखंड सरकार से मांग की है कि पहले सभी राशन कार्ड नोटबंदी की तर्ज पर समाप्त किए जाने चाहिए। उसके उपरांत सभी मलिन बस्तियों, शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र इत्यादि क्षेत्रों में सर्वे कराकर गरीबी रेखा में अपना जीवन व्यतीत कर रहे लाभार्थियों के नए राशन कार्ड बनाए जाने चाहिए। ताकि उचित पात्र लोगों तक इसका लाभ पहुंच सके।

# एसटीएफ ने फरार चल रहे दस हजार के ईनामी को पकडा

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ ने एक साल से फरार चल रहे दस हजार के ईनामी नशा तस्कर को लक्सर से गिरफ्तार किया। जिसको न्यायालय में पेश किया जायेगा।



आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि थाना कैण्ट में एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मनवर अली पुत्र कासिम निवासी मुंडाखेडा कलां थाना लक्सर जनपद हरिद्वार जो विगत एक वर्ष से फरार चल रहा था और जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनामी घोषित था। इस नशा तस्कर को एसटीएफ टीम द्वारा घेराबन्दी करके टैक्सी स्टैण्ड लक्सर जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि 8 मार्च 2021 को थाना कैण्ट जनपद देहरादून पुलिस टीम द्वारा कार नं० यूके 08 टीए-6605 को चैकिंग के दौरान रोकने की कोशिश की गयी परन्तु पुलिस को देखकर चालक कार लेकर भाग गया, उसका पीछा किया तो चालक गाडी लॉक कर पार्किंग में छोडकर भाग गया, उक्त गाडी की तलाशी के दौरान उसके अन्दर से 50.695 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। उक्त वाहन स्वामी का नाम मनवर अली पुत्र कासिम निवासी मुंडाखेडा कलां लक्सर हरिद्वार पाया गया। विवेचना के दौरान इस मामले में 03 आरोपियों के नाम प्रकाश में आये, जो पुलिस गिरफ्तारी से बच कर लगातार फरार चल रहे थे और जिनकी गिरफ्तारी परवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा 10-10 हजार रूपये का पुरूस्कार घोषित किया गया था। एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि उक्त तीनों फरार अभियुक्तगणों में 01 आरोपी मनवर अली पुत्र कासिम थाना लक्सर क्षेत्र में कहीं छिपकर रह रहा है। प्रभारी स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तराखण्ड द्वारा उक्त ईनामी नशा तस्कर की गिरफ्तारी हेतु एसटीएफ की टीम को जनपद हरिद्वार भेजा गया, जिस पर गत दिवस एसटीएफ टीम द्वारा घेराबन्दी कर उक्त फरार ईनामी को टैक्सी स्टैण्ड लक्सर जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया।




## एक नजर

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए रचनात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है क्वाड: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि क्वाड देशों के बीच आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प न सिर्फ लोकतांत्रिक ताकतों को नयी ऊर्जा दे रहा है, बल्कि एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद–प्रशांत क्षेत्र की स्थापना को प्रोत्साहित भी कर रहा है। पीएम मोदी का ये बयान विस्तारवादी रणनीति वाले चीन के लिए सख्त सन्देश के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित सदस्य देशों का आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प लोकतांत्रिक शक्तियों को नई ऊर्जा और उत्साह दे रहा है। शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दिए अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि क्वाड ने बेहद कम समय में वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा, ष्हमने टीका वितरण, जलवायु कार्रवाई, आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाने, आपदा प्रतिक्रिया, आर्थिक सहयोग और कोविड–१६ महामारी से उत्पन्न प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने की दिशा में समन्वय बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्वाड देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों म सहयोग हिंद–प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता की स्थापना में योगदान दे रहा है।





# लॉरी से टकराई बस, 7 लोगों की मौत 26 घायल

हुबली। कर्नाटक के हुबली शहर के बाहरी इलाके में एक यात्री बस और एक लॉरी की टक्कर में ७ लोगों की मौत हो गई और २६ घायल हो गए। पुलिस ने घटना की जानकारी दी। घायलों को हुबली के केएमआईएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। एक्सीडेंट के बाद दोनों वाहनों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, यात्री बस कोल्हापुर से बेंगलुरु जा रही थी। रात के करीब १२.३० से १ बजे के बीच की बात है। जब बस धारवाड़ की ओर जा रही एक लॉरी से टकरा गई, उस समय बस चालक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। एक्सीडेंट की सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, घायलों को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आगे की जांच चल रही है।



# ज्ञानवापी मामले में वाराणसी जिला अदालत में 26 मई को होगी सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी जिला अदालत ने मंगलवार को मुस्लिम पक्ष द्वारा आदेश ७ नियम ११ आवेदन पर ज्ञानवापी मामले में सुनवाई २६ मई तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने दोनों पक्षों को आयोग की रिपोर्ट पर आपत्तियां दर्ज करने और सात दिनों के भीतर प्रस्तुत करने की अनुमति दी। जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला किया। अदालत में एक नई याचिका दायर कर शिवलिंग की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी, जिसके बारे में दावा किया गया था कि यह एक निचली अदालत द्वारा आदेशित वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद परिसर में पाया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी मंदिर मामले को एक सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से जिला जज को ट्रांसफर कर दिया था। शीर्ष अदालत ने पिछले सप्ताह कहा था कि इस मुद्दे की श्जटिलताश् और श्संवेदनशीलताश् को देखते हुए यह बेहतर है कि २५–३० साल से अधिक का अनुभव रखने वाला एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी इस मामले को संभाले। हिंदू पक्ष ने तर्क दिया था कि चूंकि अदालत द्वारा नियुक्त आयोग ने अपना काम पूरा कर लिया है, इसलिए विरोधियों को इस पर अपनी आपत्तियां पेश करनी चाहिए।



## हरिद्वार जिला प्रशासन की तोमर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# ज्वालापुर में 40 बीघा जमीन कुर्क




विशेष संवाददाता

हरिद्वार। नोएडा भूमि घोटाले में उत्तराखंड प्रशासन के अधिकारियों की संलिप्तता सामने आने के बाद अब भूमाफिया यशपाल तोमर के खिलाफ उत्तराखंड प्रशासन भी एक्शन में आ गया है। अधिकारियों की सांठगांठ से अपने रिश्तेदार के नाम खरीदी गई करोड़ों की जमीन को लेकर आज जिला अधिकारी हरिद्वार के निर्देश पर कुर्क करने की कार्रवाई की गई है।

यशपाल तोमर द्वारा 2020 में यह 40-45 बीघा जमीन अपने रिश्तेदार के नाम खरीदी गई थी। ज्वालापुर क्षेत्र में यह बेशकीमती जमीन कौड़ियों के भाव से खरीदी गई जिसकी कीमत 80 करोड़ के करीब बताई गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर आज तहसीलदार मौके पर दल बल के साथ पहुंचे और इस जमीन की नाप जोख कर यहां तार-बाड़ कर जिला प्रशासन द्वारा किए गए अधिकृत संवैधानिक सूचना का बोर्ड लगा दिया

**❑सूबे के अधिकारियों में मचा हड़कंप**
**❑धामी सरकार के एक्शन का इंतजार**

गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में यशपाल तोमर की अब तक जिन संपत्तियों का ब्यौरा सामने आया है वह करीब 135 करोड़ की बताई जाती है, जो सारी हरिद्वार जिले में हैं। जिसमें से एक परिसंपत्ति को आज कुर्क कर लिया गया है। जिसकी कीमत 80 करोड़ के करीब है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नोएडा में जिन नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट हुई है उसमें सूबे के दो आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के परिजनों के नाम भी सामने आए हैं बताया जा रहा है कि यह तीनों अधिकारी उस समय जब यशपाल तोमर द्वारा हरिद्वार में यह जमीनें खरीदी गई उस समय किसी न किसी बड़े पद पर तैनात रहे हैं। तथा अधिकारियों के साथ यशपाल तोमर के निकट संबंध रहे हैं। इन संबंधों के दम पर ही तोमर ने लोगों से उनकी संपत्तियों को हड़पने का काम किया गया है।

गैंगस्टर और भूमाफिया यशपाल तोमर के साथ राज्य के बड़े अधिकारियों के रसूख और सांठगांठ की खबरों को लेकर उत्तराखंड के शासन–प्रशासन में भी हड़कंप मचा हुआ है। अब जब राज्य में तोमर की संपत्तियों की कुर्की भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर होना शुरू हो गई है तो भ्रष्ट अधिकारियों की धड़कनें भी तेज हो गई है। देखना यह है कि क्या भ्रष्टाचार में संलिप्त इन अधिकारियों की परिसंपत्तियों की भी जांच तक बात पहुंचती है या नहीं। इन अधिकारियों के खिलाफ सूबे की धामी सरकार क्या एक्शन लेती है? लेकिन माफिया के साथ अधिकारियों की सांठगांठ के इस मामले में राज्य में चल रहे जमीनों के खेल में खलल और खलबली जरूर पैदा कर दी है।

# एसटीएफ ने बैंक के तीन अधिकारियों को 31 लाख की धोखाधड़ी में किया गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के तीन अधिकारियों को तीस लाख 95 हजार की ठगी के मामले में गिरफ्तार किया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि अतुल कुमार शर्मा पुत्र स्व० रामस्वरुप शर्मा निवासी हर्बटपुर थाना विकासनगर देहरादून द्वारा की गई साइबर थाने में शिकायत कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी माता के संयुक्त बैंक खाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया में बिना उनकी मां की अनुमति के एसएमएस अलर्ट नम्बर बदल कर खाते से 30 लाख 95 हजार रुपये धोखाधड़ी से लिये साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।




घटना में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर, ई-मेल आईडी, ई-वालेट, तथा बैंक खातों व सीसीटीवी फुटेज व भौतिक साक्ष्यो के विश्लेषण करने पर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारी शामिल है। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास से घटना में संलिप्त सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया बैंक प्रबन्धक निश्चल राठौर पुत्र नरेन्द्र पाल सिंह निवासी ग्राम शहबाजपुर पो० जिनौरा थाना जिनौरा जनपद बदाँय को करोल बाग दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि उनके सहयोगी सेन्ट्रल बैंक के एएफओ मौहम्मद आजम व सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के ही सहायक प्रबन्धक कविश डंग के साथ मिलकर लम्बे समय से इनएक्टीव खातों की जानकारी कर उसके एसएमएस अलर्ट नम्बर को बदलकर नेट, मोबाईल बैंकिंग के माध्यम पीडित की धनराशि से ऑनलाइन माध्यम से सोना खरीदकर उसको बेचकर लाभ अर्जित कर अपराध कारित करते थे और लाभ से प्राप्त धनराशि को आपस में बाँट लिया करते थे। जिस पर एसटीएफ ने मौहम्मद आजम व कविश डंग को देहरादून से गिफ्तार किय गया।

# डीआईजी ने 131 दरोगा व 1200 सिपाहियों के किये तबादले

संवाददाता

देहरादून। काफी समय से तबादला सूची का इंतजार कर रहे दरोगाओं व सिपाहियों का इंतजार खत्म हुआ डीआईजी गढवाल रेंज ने 131 दरोगाओं व 1200 सिपाहियों के तबादले कर दिये। आज यहां डीआईजी गढवाल रेंज करन सिंह नग्नयाल ने आदेश जारी करते हुए 131 दरोगाओं व 1200 सिपाहियों के तबादलों की सूची जारी कर दी। हरिद्वार से समय पूरा कर चुके दरोगाओं व सिपाहियों की लिस्ट ना मिल पाने के कारण यह लिस्ट अटकी हुई थी जिसके चलते डीआईजी गढवाल रेंज करन सिह नग्नयाल ने एसएसपी हरिद्वार को नाराजगी भी जाहिर कर दी थी तथा लिस्ट में देरी करने वाले बाबू की भी क्लास लगायी गयी थी जिसके बाद वहां से लिस्ट भेजने के बाद आज डीआईजी गढवाल रेंज ने 131 दरोगाओं व 1200 सिपाहियों की तबादला सूची जारी कर दी तथा सभी को तत्काल प्रभाव से तबादला किये गये जनपद में जाने के आदेश दे दिये हैं।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*